डीमर्जर :
पाँच नए वेदांता, एक नया सफर

प्रिय शेयरधारक,

आपकी कंपनी वेदांता एक नए और उत्साह से भरे दौर में प्रवेश कर रही है, जहाँ मज़बूत प्रदर्शन के साथ बड़े बदलाव भी हो रहे हैं। अब विकास का अगला चरण शुरू होने जा रहा है और इस यात्रा में आप हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। हम हमेशा आपके भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करते हैं।

वित्त वर्ष 2026 कंपनी के लिए बहुत खास रहा। इस साल कंपनी ने अब तक का सबसे अधिक प्रॉफिट कमाया, यानी टैक्स के बाद **₹25,096 करोड़** का प्रॉफिट और **₹1,74,075 करोड़** की कुल आय हुई। यह सब संभव हुआ क्योंकि सभी व्यवसायों ने मिलकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

हमें खुशी है कि इसका सीधा लाभ शेयरधारकों को मिला है। **कुल शेयरधारक रिटर्न लगभग 50% रहा,** जो इस क्षेत्र के औसत से काफी बेहतर है। साथ ही, कंपनी ने प्रति शेयर ₹34 का डिविडेंड भी दिया है।

कंपनी की कोशिश रही है कि कारोबार की नींव मज़बूत हो, ताकि आगे भी अच्छे और स्थिर रिटर्न मिलते रहें। कर्ज़ की स्थिति भी पहले से बेहतर हुई है, जिससे कंपनी आगे और अच्छे से बढ़ सकती है।

इस साल की सबसे बड़ी खबर है कंपनी का **डीमर्जर (Demerger), जो 1 मई 2026 से लागू हो गया है।** इसका मतलब है कि अब कंपनी के अलग-अलग बिज़नेस, अपनी-अपनी स्वतंत्र कंपनियाँ बनेंगी। हर कंपनी अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से काम करेगी और दुनिया के सर्वोत्तम मानकों पर चलेगी। **इससे हर कारोबार अपने आप में एक उम्दा "वेदांता" बनेगा।**

vedanta aluminium **यूएस, यूरोप, मिडिल ईस्ट, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में सबसे बड़ा एल्युमिनियम उत्पादक** बने रहने की मज़बूत स्थिति में है। हमारा लक्ष्य है कि **उत्पादन क्षमता को दोगुना कर 60 लाख टन प्रति वर्ष** किया जाए। **बेहतरीन बैकवर्ड इंटीग्रेशन और कॉस्ट एडवांटेज** के कारण हम दुनिया भर में कम लागत पर उत्पादन करते हुए उच्च गुणवत्ता बनाए रखते हैं। हम **इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिफिकेशन, एयरोस्पेस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों की जरूरतों को लगातार पूरा कर रहे हैं।**

vedanta oil & gas भारत का **एक प्रमुख प्राइवेट सेक्टर अपस्ट्रीम प्लेयर** है, जिसके पास उच्च गुणवत्ता का क्षेत्रफल पोर्टफोलियो और बेहतरीन रिज़र्व्स हैं। हमारा लक्ष्य है उत्पादन को **300,000 से 500,000 बैरेल्स प्रति दिन तक ले जाना, करीब $5 बिलियन के निवेश** के साथ, ताकि भारत की ऊर्जा की जरूरतें पूरी हो सकें। लगभग **10 साल पहले केर्न का मूल्य $14.5 बिलियन था। जब हमने केर्न को अक्वायर किया, तब उसका मार्केट कैपिटलाइज़ेशन उसके एसेट मूल्य का आधा था।** आज केर्न काफी बढ़ चुका है और उसने नए रिज़र्व्स के साथ अपना नेचुरल गैस पोर्टफोलियो भी मज़बूत किया है।

vedanta power भारत **की तेज़ी से बढ़ती पावर कंपनियों में से एक** बन रही है। अभी **4.2 GW ऑपरेशनल कैपेसिटी** है और **12 GW का एक्सपैंशन पाइपलाइन** है। इसमें कोयले की सुनिश्चित व्यवस्था होगी। साथ ही कंपनी जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा में भी आगे बढ़ेगी, जिससे क्लीन एनर्जी पोर्टफोलियो मज़बूत होगा और यह देश की **शीर्ष 3 पावर कंपनियाँ** बनने की दावेदार होगी।

vedanta iron & steel **भविष्य के लिए तैयार ग्रीन स्टील और स्पेशियलिटी स्टील कंपनी** के रूप में विकसित हो रही है। इसका ध्यान कच्चे माल की उपलब्धता, इंटीग्रेटेड ऑपरेशंस और विस्तार पर है। अभी **इस्पात उत्पादन क्षमता 40 लाख टन प्रति वर्ष है (गोवा और बोकारो), जिसे बढ़ाकर 100 लाख टन प्रति वर्ष किया जाएगा,** गैस उपलब्धता का लाभ लेते हुए। गोवा, ओडिशा और कर्नाटक में क्षमता आयरन ओर खदानें का बेजोड़ सहारा है, **जिससे आगे चलकर क्षमता 150 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ सकती है।**

vedanta transforming for good **वेदांता लिमिटेड,** जो समूह की मुख्य कंपनी है, **हिंदुस्तान ज़िंक में करीब 60% हिस्सेदारी रखेगी। हिंदुस्तान ज़िंक देश की बड़ी और एकमात्र ज़िंक, लेड और सिल्वर उत्पादक है।** यह क्रिटिकल मिनरल्स पर भी काम कर रही है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के लिए ज़रूरी हैं। वेदांता लिमिटेड के अंतर्गत **वेदांता ज़िंक इंटरनेशनल (VZI) भी होगा, जिसके साउथ अफ्रीका और नामीबिया** में शानदार एसेट्स हैं। वेदांता लिमिटेड का **कॉपर व्यवसाय भारत के 35% मार्केट की जरूरत पूरी करता है** और **फेरो एलॉयज व्यवसाय भी लगातार बढ़ रहा है।** वेदांता लिमिटेड भारत का एकमात्र निकेल उत्पादक भी हैं। कॉपर और निकेल दोनों भारत के भविष्य के लिए ज़रूरी मिनरल्स हैं।

साथ ही, कंपनी भविष्य के लिए निवेश कर रही है। **₹15,000 करोड़ ग्रोथ कैपेक्स** में लगाए गए हैं, जिससे एल्युमिनियम, जिंक, ऑयल एंड गैस और नए व्यवसायों में क्षमता बढ़ रही है और आगे की अर्निंग्स के लिए ठोस आधार तैयार हो रहा है। भविष्य के लिए हमारी सोच साफ है – एक प्रगतिशील, बुलंद और भरोसेमंद वेदांता समूह बनाना।

हम बड़े स्तर पर काम बढ़ाने, कम लागत बनाए रखने, समझदारी से निवेश करने और लगातार आमदनी बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं। साथ ही **टेक्नोलॉजी और एआई (AI)** का इस्तेमाल करके अपने काम को और बेहतर और नया बना रहे हैं।

इस बदलाव के केंद्र में हमारे काबिल लोग हैं। **उनकी मेहनत और हमारी महिला लीडर्स की अहम भूमिका वेदांता को हर दिन आगे बढ़ा रही है। हम पर्यावरण, सुरक्षा और समाज के विकास पर भी पूरा ध्यान दे रहे हैं,** ताकि हम समाज और देश के साथ मिलकर आगे बढ़ सकें। हमारी कंपनी का लक्ष्य है कि लंबे समय तक अपने शेयरधारक, ग्राहक, समुदाय और देश के लिए निरंतर मूल्य और समृद्धि बनाए।

"हम और आप बढ़ेंगे, तभी भारत आगे बढ़ेगा। जय हिंद!"

आपका,

Anil

अनिल अग्रवाल
चेयरमैन, वेदांता ग्रुप